Need to include Jaitpur in the proposed Tughlakabad Sector-142, NOIDA Metro Corridor in Delhi NCR- Laid

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(**दक्षिण दिल्ली**) :** मैं सरकार का ध्यान अपनी दक्षिण दिल्ली लोक सभा क्षेत्र के जैतपुर क्षेत्र को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए दिलाना चाहता हूं । जैतपुर इलाका दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है । इससे तीनों राज्यों के लोगों को मेट्रो की सुविधा मिल सकेगी । जैतपुर इलाके की आबादी बहुत ही सघन है और वहां सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधन भी उपलब्ध नहीं हैं । पता चला है कि मेट्रो का एक कॉरिडोर तुगलकाबाद से सेक्टर142 नोएडा तक प्रस्तावित है । अत: मेरा अनुरोध है कि इस रूट में जैतपुर को भी शामिल किया जाए ताकि क्षेत्र के लाखों लोगों को मेट्रो का लाभ मिल सके ।